तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित कर भजन-कीर्तन और हो रही आरती

2




## खबर संक्षेप

### ट्रांफार्मर से कापर चोरी करने वाले दो पकड़े गए

**चांपा।** ट्रांसफार्मर से कापर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से कापर पार्टस व बाइक को बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार महिने भर से क्षेत्र में लगे छत्तीसगढ़ स्टेट पावर वितरण कंपनी के ट्रांसफार्मरों से कापर पाट्स चोरी होनी की घटनाएं हो रही थी। विद्युत विभाग चांपा के सहायक यंत्री भूपेन्द्र साहू द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। विभाग को बिजली बंद की सूचना मिलने पर जब विभागीय अमला मौके पर पहुचती थी तो उन्हें ट्रांसफार्मन में लगे कापर पाट्स गायब मिलता था। विद्युत विभाग की रिपोर्ट पर चांपा पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबंद्ध कर जांच किया जा रहा था। मुखबीर की सूचना पर चोरी के आरोपी बावा डेरा लछनपुर थाना जांजगीर निवासी 42 वर्षीय पवन कुमार सिदार व कोरवापारा चांपा निवासी 40 वर्शीय अर्जुन सिंह कंवर को गिरफ्तार किया गया है। चोरी के आरोपी बावा डेरा लछनपुर थाना जांजगीर निवासी 42 वर्षीय पवन कुमार सिदार व कोरवापारा चांपा निवासी 40 वर्षीय अर्जुन सिंह कंवर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 9 नग चोरी गये ट्रांन्फार्मर के कापर पाट्स व चोरी को अंजाम देने के लिए उपयोग में लाये गये मोटर साइकिल स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 11 बीसी 3536 बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 303(2) विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 एवं लोक संपत्ति निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

### पंजीयन नहीं होने पर वंचित हो सकते है समर्थन मूल्य पर धान बेचने से

# एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए मिला सप्ताह भर का और समय, 13 हजार किसान शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के 1 लाख 19 हजार किसानो का एग्रीस्टेक पंजीयन किया जाना है। जिसमें से करीब 1 लाख 6 हजार किसानो का पंजीयन किया जा चुका है। वही अभी 13 हजार किसान कतार में है। खास बात यह है कि पूर्व निर्धारित समय के अनुसार पंजीयन की अंतिम तिथि में तीन दिन ही बचे थे, लेकिन आ रही दिक्कत को देखते हुए सप्ताह भर की अवधि और बढ़ा दी गई है।

गौरतलब है कि शासन के द्वारा इस बार समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानो के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बिना किसान समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री इस साल नही कर पाएगें। इसी के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 1 लाख 19 हजार किसानो का एग्रीस्टेक पंजीयन करना है। जिसमें से 1 लाख 6 हजार किसानो का पंजीयन हो चुका है। वही अभी भी 13 हजार से भी अधिक किसान पंजीयन नही करा पाऐ है। खास बात यह है कि पंजीयन की अंतिम तारीख रविवार 31 अगस्त तक निर्धारित की गई थी लेकिन पंजीयन में आ रही तकनीकी समस्या को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर इसकी अवधि बढ़ा दी गई है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अब






पंजीयन कराने पहुंचे कृषक | फाईल फोटो

### च्वाइस सेंटरों में देखी जा रही भीड़

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बगैर किसान समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाएंगे। इधर पंजीयन को लेकर किसानों की भीड़ च्वाईस सेंटरों में देखी जा रही है। पंजीयन को लेकर किसानों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंजीयन के लिए किसानों का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, किसान पर्ची, खसरा, नक्शा, बी वन, बैंक खाता सहित अन्य दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है। कई बार तो च्वाईस सेंटरों में सर्वर डाउन एवं अन्य समस्याओं के चलते पंजीयन कराने में किसानों को दिन भर का समय भी लग जाता है। इधर पंजीयन कराने की अंतिम तारीख 5 सितंबर निर्धारित की गई है। वहीं अभी भी 13 हजार किसान पंजीयन नहीं करा पाए है।

### बड़े पैमाने पर होती है धान खरीदी

जांजगीर चांपा जिले में हर साल बड़े पैमाने पर धान की खरीदी की जाती है। वहीं प्रदेश में सबसे अधिक धान की पैदावार भी यहां होती है। प्रदेश में जांजगीर चांपा जिला सर्वाधिक सिंचित माना जाता है। यहां के 90 फीसदी खेतों में नहरों के माध्यम से ही पानी पहुंचता है। एक तरह से देखा जाए तो समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर अभी से ही प्रारंभिक स्तर पर तैयारी चल रही है। ऐसे में हर साल धान बेचने को लेकर पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यहां के किसान अपने खेतों में प्रमुख रूप से स्वर्णा, स्वर्णा मासूरी, महामाया, विष्णु भोग, एचएमटी सहित अन्य प्रमुख धान की पैदावार करते है। वहीं शासन के आदेश के अनुसार 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू कर दी जाती है।

### इन योजनाओं का मिलना है लाभ

शासन द्वारा किसानों के हित में एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसान आईडी तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस पंजीयन से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि मशीनीकरण योजना एवं मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना सहित केंद्र एवं राज्य शासन की अन्य योजनाओं का लाभ एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की स्थिति में ही किसानों को मिल पाएगा।

### बढ़ाई गई तारीख

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य कर दिया गया है। 13 हजार किसान अभी भी पंजीयन नहीं करा पाए है। शासन स्तर पर से अवधि बढ़ा दी गई है, अब 5 सितंबर तक पंजीयन होगा।

-विनय पटेल
अधीक्षक, भू-अभिलेख जांजगीर चांपा

# गणेश चतुर्थी की रात सिद्धी विनायक मंदिर में चोरी, दान पेटी से रुपए पार

## दूसरे दिन सुबह पकड़े गए आरोपी, माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

गणेश चतुर्थी की रात चांपा के प्रसिद्ध सिद्धी विनायक मंदिर में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। वे दान पेटी का ताला तोड़कर रुपए ले उड़े। सुबह खबर मिलते ही पुलिस का अमला हरकत में आया और चंद घंटों के भीतर आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक मामले में तीन अपचारी बालको को पकड़ा गया है। जिनसे चोरी का माल बरामद हुआ है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुराना नगरपालिका भवन के पास शनि मंदिर गेट पास स्थित श्री सिद्धी विनायम मंदिर की है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 1 बजे दो युवक मंदिर परिसर में आये। युवको ने मंदिर के दान पेटी से नगदी व चांदी के सज्जा चोरी कर ले गये। घटना मंदिर में लगे सीसी टीवी कैमरा में रिकार्ड हो गया है। इस संबंध में शंकर नगर निवासी सिद्धी विनायक मंदिर के पूजारी अतुल शर्मा द्वारा चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज काया गया कि 27 अगस्त की रात सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा अर्चना के बाद इसके पिता चन्द्रशेखर शर्मा ने मंदिर का दरवाज़ा रात क़रीबन 10.20 बजे ताला बंद किया गया था। गुरूवार 28 अगस्त सुबह 6 बजे सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा अर्चना करने आए तो देखा कि कोई अज्ञात चोर मंदिर में लगे स्टील दरवाज़ा के ऊपर स्वास्तिक के चिन्ह को तोड़कर मंदिर में घुसकर दान पेटी में रखें रक़म की चोरी कर ले गये है। सूचना पर चांपा थाना द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इसकी सूचना ज़िले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप व चाँपा एसडीओपी यदुमणि सिदार को दी गई जिस पर अधिकारियों द्वारा घटना स्थल के आस पास लगे सीसी कैमरे को चेक कर तत्काल आरोपियों की गिरफ़्तारी करने के निर्देश दिए गए। जिस पर तत्काल थाना चाम्पा एवं साइबर सेल की टीम को मौके लिए रवाना किया गया। टीम के द्वारा घटना स्थल के आस पास से संदिग्ध रूप से घुम रहे दो बालको को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर प्रारंभिक तौर पर पुलिस को गुमराह करते रहे। बारीकी से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने तीसरे साथी के साथ मिलकर मंदिर में रखें दानपत्र से चोरी की घटना करना स्वीकार कर लिया गया। आरोपी नाबालिक बच्चों के पास से 9030 रूपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पल्सर क्रमांक सीजी 11 बीई 7795 बरामद कर विधि संवत कार्यवाही की जा रही है।





सिद्धि विनायक मंदिर में जांच करने पहुंची पुलिस तथा टूटा स्वास्तिक।




## खबर संक्षेप



चांपा। पंडित आदित्य राज गौरहा के घर मे विराजमान श्री गणेश।

### एक परी हमारी बाल संग्रह काव्य का हुआ विमोचन



**बिर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखुर्री के पदस्थ व्याख्याता श्रीमती प्रेमलता साहू ने एक परी हमारी बाल संग्रह काव्य का विमोचन जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह, सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कुर्रे, शाला प्रबंधन अध्यक्ष खम्हनप्रसाद सिगसर्वा ,व्यापारी प्रकोष्ठ मणीलाल कश्यप, पूर्व शाला समिति अध्यक्ष देवचंद्र यादव व्याख्याता देवनारायण चौहान की उपस्थिति में हुआ। प्रेमलता साहू ने अपने द्वारा रचित बाल संग्रह काव्य एक परी हमारी को बहुत ही सुन्दर तरीके से पिरोया है तथा इनके बाल काव्य संग्रह का लेखन में बहुत ही सुन्दर और रोचक तरीका से कविता कहानी को उद्वेलित किया है। एक परी हमारी बाल संग्रह काव्य को विमोचन के दौरान व्याख्याता उमाशंकर मरकाम, रचनाकार श्रीमती प्रेमलता साहू, शाला प्रबंधन अध्यक्ष खम्हनप्रसाद सिगसर्वा, व्यापारी प्रकोष्ठ मणीलाल कश्यप, देवचंद्र यादव व्याख्याता, राकेश कुमार साहू, श्रीकांत राठौर, सुशील कुमार नेताम, देवनारायण चौहान, श्रीमती अनीता टोप्पो, मनीषा बेबी चौहान विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### एमबीबीएस में हुआ संजना का चयन

**बिर्रा ।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम करही निवासी संजना बघेल ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण किया है। उसका चयन एमबीबीएस में पढ़ाई के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में हुआ है। उसका प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुआ है, वह शुरु से ही मेधावी रही है। संजना अपने आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद दक्षिणा फाउंडेशन ने उनकी राह आसान की है।



### निधन

#### बाबूलाल केंवट

**बिर्रा।** समीपस्थ ग्राम डोमाडीह के प्रतिष्ठित नागरिक बाबूलाल केवट का गुरुवार 28 अगस्त को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किय गया। मुखाग्नि सनत कुमार केवट ने दी। वे अपने पीछे चार पुत्रों और दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। वे पूर्व सरपंच व केंवट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के कोषाध्यक्ष सनत कुमार केंवट के पिता थे। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी शामिल हुए।



पंडालों में दिनभर उमड़ रही भक्तों की भीड़

# गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित कर भजन-कीर्तन और हो रही आरती



विराजित भगवान गणेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

नगर सहित ग्रामीण अंचल का माहौल विघ्नहर्ता की प्रतिमा स्थापना के साथ भक्तिमय हो गया है। इसके साथ ही जिले में दस दिनों का गणेश उत्सव प्रारंभ हो गया है। चहुंओर गणपति बप्पा की गूंज सुनाई दे रही है। पंडालों में भजन-कीर्तन के अलावा सुबह-शाम विधि-विधान से भगवान की पूजा-अर्चना की जा रही है।

बुधवार 27 अगस्त से गणेशोत्सव प्रारंभ हुआ। नगर पंचायत सारागांव एवं ग्रामीण अंचल के ग्राम देवरी, सोनियापाठ, अमरूवा, कुम्हारीकला, लछनपुर, हनुमंता, कड़ारी, कुम्हारीखुर्द, बघौदा, पचोरी सहित आस पास के गांवों के गली - मोहल्लो में गणेश समितियों द्वारा विधिपूर्वक पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से गणपति बाप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। यह गणेश उत्सव पर्व 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी तक चलेगी। सभी गणेश पंडलो को लाइट, झालर और अन्य सजावटों से सजाकर भव्य रूप दिया गया है, जिससे वातावरण और भी आकर्षक हो गया है। गणेश पंडालों में दिनभर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, और श्रद्धालु भगवान गणेश की पूजा में भक्तिमय हो गए हैं। सुबह और शाम भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया जा रहा है । गणपति बप्पा की प्रतिमा के समक्ष भक्ति संगीत की ध्वनियां गूंज रही हैं, जो उत्सव में एक धार्मिक माहौल बना हुआ हैं। गणेश समितियों द्वारा आकर्षक ढंग से तैयार किए गए पंडालों में गणेश प्रतिमा के आसपास धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। जिससे उत्सव का आनंद और भी बढ़ गया है। गांव-गांव में गणेश चतुर्थी के इस महोत्सव ने पूरे क्षेत्र में उल्लास और भक्ति का माहौल बना दिया है। हर गली-मोहल्ले में गणेशोत्सव की धूम है और श्रद्धालु गणपति बप्पा से सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना कर रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने किए बाल गणेश के दर्शन



**चांपा।** नगर में भालेराव मैदान के सामने रामेश्वरम मंदिर की तर्ज पर बनाए गए भव्य पंडाल में विराजमान 20 फिट ऊंचे बाल गणेश भगवान के दर्शन करने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीचंद देवांगन, गणेश श्रीवास सहित श्री सिद्धि विनायक समिति चांपा के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है और लोगों में बाल गणेश के भव्य स्वरूप को देखने का खासा उत्साह देखा जा रहा है। यह आयोजन नगर में गणेशोत्सव की भव्यता और श्रद्धा का प्रतीक बन गया है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं।

### राहौद शिक्षण समिति में मनाया जा रहा गणेशोत्सव



**राहौद।** नगर में संचालित राहौद शिक्षण समिति राहौद (शिक्षा महाविद्यालय ) में गणेशोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के दिन महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयं सेवकों तथा छात्र छात्राओं द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा का स्थापना किया गया। प्रतिदिन छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना किया जा रहा है। हर साल की तरह इस वर्ष भी हर्ष और उल्लास के साथ यह पर्व मनाया जा रहा है। एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा आकर्षक साज सज्जा का कार्य किया गया। वहीं छात्राओं द्वार महाविद्यालय प्रांगण को रंगोली की सुंदर आकृति से सजाया है। छात्रों द्वारा वाद्य यंत्र बजाते हुए भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी जा रही है। गणेशोत्सव पर्व को सफल बनाने महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप एवं प्राचार्य डॉ. कनक सिन्हा, डॉ. निर्मल वर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप ,राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुधा कश्यप तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी आर एन कश्यप , सहायक प्राध्यापक जी पी कौशिक, ग्रंथपाल अनुरुद्ध कश्यप, श्याम साहू, प्रदीप वर्मा, नेहा समता कोयल, संजय, ज्योति, ललिता, भारती, सुनील, प्रवीण साहू, प्रवीण कश्यप, राम कुमारी, कल्याणी, सुष्मिता, कुलदीप, नागेंद्र, अजय, विजय, ज्योति कश्यप, चम्पा राठिया, कुसुम, पुष्पेंद्र साहू समस्त बी.एड. एवं डी. एल. एड. के छात्र -छात्राएं सहभागिता निभा रहे है।



किसानों को मधुमक्खी की जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

## मधुमक्खी पालन की बारीकियों से किसानों को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

- मधुमक्खी पालन को देखने सक्ती जिले के किसान पहुंचे किसान स्कूल

राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन अंतर्गत सक्ती जिले के डोड़की स्थित शासकीय रोपणी में इंदिरा गाँधी क्रृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में क्रृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर के तत्वाधान में 8 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण किसानों को दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान 25 किसानों को प्रदेश के सरगुजा अंबिकापुर जिले के मैनपाट और बहेराडीह में स्थित देश का पहला वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल का भ्रमण कराया गया।

यहां किसानों ने मधुमक्खी पालन की बारीकीयों को देखा। क्रृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ के डी महंत ने बताया कि इंदिरा गाँधी क्रृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में क्रृषि विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में सक्ती जिले शासकीय रोपणी डोड़की में 25 किसानों को 8 दिवसीय निःशुल्क मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण कीट वैज्ञानिक डॉ रंजीत मोदी,डॉ आशुलता ध्रुव, मास्टर ट्रेनर एस एस ठाकुर और दीनदयाल यादव द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को सरगुजा अंबिकापुर स्थित मैनपाट और वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह का भ्रमण कराया गया। जहां किसानों को मधुमक्खी पालन की बारीकीयों की सम्पूर्ण जानकारी मिली। प्रशिक्षण व भ्रमण में जाजंग गांव की राष्ट्रीय कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित महिला कृषक श्रीमती सुशीला गबेल, यादव प्रसाद गबेल, रामसिंह सिदार, स्वर्ण बाई महंत, सुकांति महंत, संजय पटेल, खीरबाई पटेल, आशा नेताम, डोड़की से मुरलीधर लहरे, सुनिता केवट, श्यामबाई साहू, नवापारा से सावित्री गबेल, अचानकपुर से रोशनी राज, डड़ाई से रौशनी चौहान, गरहीनमुड़ा से मीना राजपूत, सालिहाभाठा से सुमित्रा चौहान, सरवानी से चन्द्रिका साहू, देवरमाल से सूरज बाई, जूनवानी से जया कुमारी सिदार, ढोलनार से कमला पटेल, डंगोरा से कुमारी साहू, बैलाचुआ से दरस कुंवर गोड़, टोहिलाडीह से बसंती जायसवाल, शीतल सिदार, जगदल्ला से दिगंबर पटेल, जगदल्ली से अक्तिराम सिदार सहित अन्य किसान शामिल थे।

## ग्राम विकास व पार्टी संगठन के प्रति पांडेय ने दिया विशेष योगदान : रवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह व भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक भवन का भूमि पूजन करते भाजपा नेता इंजी रवि पांडेय एवं अन्य।

ग्राम कुरियारी (शिवरीनारायण) के भूतपूर्व सैनिक, पूर्व सरपंच एवं मुखर भाजपा नेता रहे स्वर्गीय दामोदर प्रसाद पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के उपस्थित प्रबुद्ध जनों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों ने स्व. पाण्डेय के ग्राम विकास हेतु किये गए कार्यो तथा भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता रूप में क्षेत्र में संगठन को सींचकर पुष्पित पल्लवित करने जैसे योगदान को याद किया।

उनकी पुण्यतिथि को गरिमामयी रूप में मनाने आयोजन समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ की गई । समिति द्वारा घोषणा की गई कि प्रतिवर्ष पुण्यतिथि के अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सेवा, ग्रामीण सुविधा विस्तार आदि क्षेत्रों में निरंतर कार्य किये जायेंगे। इसी कड़ी में प्रथम पुण्यतिथि आयोजन के अवसर पर ग्राम कुरियारी के ही विद्यार्थी दक्ष कश्यप, के द्वारा एक साथ सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित होने पर माता सुभद्रा कश्यप ,पिता जयप्रकाश कश्यप को सम्मानित किया गया। साथ ही निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, प्रतिभा सम्मान समारोह, ट्राई साइकिल वितरण आदि कार्यक्रम हर वर्ष किये जायेंगे। स्वर्गीय पाण्डेय ग्राम कुरियारी के निर्विरोध सरपंच भी रहे। स्वर्गीय दामोदर प्रसाद पाण्डेय के ग्राम हेतु किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा नेता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने ग्राम विकास तथा क्षेत्र विकास में स्वर्गीय दामोदर प्रसाद पांडे की भूमिका को याद करते हुए उन्हें ग्राम विकास तथा पार्टी संगठन के प्रति उनके योगदान को मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि श्री पाण्डेय के पुत्र गण अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए अपने पिता के यादों को अक्षुण्ण रखने के लिए ग्राम के अनेक विकास कार्यों में यथा संभव योगदान दे रहे हैं तथा देते रहेंगे। शिवरीनारायण के मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला के द्वारा श्री दामोदर प्रसाद पांडे के पार्टी के प्रति योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुरियारी के द्वारा ग्राम में मंगल भवन तथा अनेक प्रकार की ग्रामीण आवश्यकताओं से युक्त सुविधाओ की आपूर्ति हेतु सामुदायिक मंगल सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र कौशिक, लोकेश शुक्ला,मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल शिवरीनारायण, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवरीनारायण,रराहुल थवाईत, पार्षद सुधांशु तिवारी,पार्षद ईश्वरी केशरवानी, जयप्रकाश यादव,राजेश क्षत्री,पंकज यादव, ईश्वर पाण्डेय, यशवंत पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, अशोक पाण्डेय,अनिल पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, शांति पाण्डेय, चेतन पाण्डेय, मधुसूदन पाण्डेय, लल्ला पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, बिट्टू पांडे, रामनाथ कश्यप, रोशन कश्यप, हरीश कश्यप, किशोर कश्यप, पवन कश्यप,गंगाराम सायतोड़े, दिलीप पटेल के साथ ग्राम के अनेक बुद्दिजीवी गण उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि मनोज कश्यप ने किया तथा स्वर्गीय दामोदर प्रसाद पांडे के ग्राम हेतु किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में आभार प्रदर्शन स्व. पाण्डेय के पुत्र विजय पाण्डेय एवं अजय पाण्डेय ने किया।

## महिलाओं को दिया गया स्वास्थ्य एवं पोषण परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती-जैजैपुर

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ठठारी में महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का हुआ आयोजन

रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर एकीकृत बाल विकास विभाग परियोजना जैजैपुर द्वारा कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा पोषण पेटी बनवाया गया। विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का जमीनी स्तर पर गांव गांव जाकर व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।

रजत जयंती वर्ष 2025 अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर में परियोजना स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ठठारी में महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन हुआ, इस कैम्प में कुल 40 महतारी वंदन, मातृवंदना योजना की हितग्राहीयों का स्वास्थ जॉच अंतर्गत बीपी, शुगर एचबी, टेस्ट व अन्य स्वास्थ्य संबंधित जाँच करवाया गया एवं आवश्यक दवा वितरण हुआ इस कैम्प में उपस्थित महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण परामर्श दिया गया। पोषण पेटी बनाने हेतु प्रेरित किया महिला एवं बाल विकास विभाग की 25 वर्षों की उपलब्धि को भी प्रदर्शित किया गया। बेटी बचाओं, बेटी पढाओं, अभियान के अंतर्गत कार्यकार्ता, सहायिका केन्द्रो में साइकिल रैली निकाली गई आंगनबाडी उन्नयन दिवस में कार्यकार्ता, सहायिका द्वारा केन्द्र की साफ-सफाई किया एवं लर्निंग स्पेस बनाया गया, आंगनबाडी केन्द्र स्तर पर मिट्टी का उपयोग करते हुए आंगनबाडी, कार्यकार्ता सहायिका एवं पालको द्वारा साथ में मिट्टी के खिलौने बनवाया गया जिसका उपयोग आंगनबाडी केंद्रो में गतिविधि आयोजन के लिए किया जा सके। आंगनबाडी केन्द्र स्तर में बाल मेला का अयोजन हुआ आंगनबाडी स्तर ईसीसी दिवस का अयोजन हुआ जिसमें पालको को ईसीसी के महत्व के बारे में जानकारी दिया। बच्चों द्वारा सृजनात्मक गतिविधि के तहत बनाये गये चित्र मिट्टी के खिलौने आदि प्रदर्शनी लगाया गया। रजतजंयती के शुभ अवसर मे प्रत्येक आंगनबाडी कार्यकार्ता द्वारा पोषण पेटी बनवाया गया, पोषण पेटी एक उद्देश्य सिर्फ पोषण पेटी बनवाना ही नहीं बल्कि प्रत्येक हितग्राही से उपयोग करवाना भी है, पोषण पेटी से होने वाले फायदों के बारे में भी बताया गया। इससे हमारे बच्चें स्वस्थ और सुपोषित होंगे, यह लक्ष्य लेकर हमें कार्य करना है। जिससे बच्चा कुपोषण में जाए ही नहीं।



मेगा हेल्थ कैम्प में उपस्थित हितग्राही।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I VIKAS KUMAR SAHU C/O L. P. SAHU resident of House No. 20, Ward No.19, Collector Colony, Dipti Vihar Janjgir, Dist Janjgir-Champa (C.G.) 495668 so in future I should be recognized by my new name that is VIKAS KUMAR SAHU C/O L.P. SAHU in all Government and other documents.

**VIKAS KUMAR SAHU C/O L. P. SAHU**
**House No. 20, Ward No.19, Collector Colony, Dipti Vihar Janjgir, Dist Janjgir-Champa (C.G.) 495668**





# आशिक पुश्तैनी गाने ने यूट्यूब पर मचाया तहलका

**मुंबई।** संजय बेडिया गिरगांवकर द्वारा निर्मित हिंदी गाना 'आशिक पुश्तैनी' ने रिलीज होते ही यूट्यूब पर तहलका मचा दिया है। गाने ने कई रिकार्ड तोड़ दिए हैं। गाने की स्वैग भरा स्टाइल, भव्य लोकेशन और दमदार म्यूजिक ने दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया है। वहीं, गाने को लेकर संजय बेडिया गिरगांवकर ने खुशी जताते हुए कहा कि फ़ाइनली आशिक पुश्तैनी दर्शकों तक पहुंच चुका है। यह सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि हमारी मेहनत और जुनून का नतीजा है। हमें उम्मीद थी कि लोग इसे पसंद करेंगे, लेकिन इतने बड़े स्तर पर रिस्पॉन्स मिलेगा, यह हमारे लिए भी सरप्राइज है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## चेन्नई एक्सप्रेस से अलग हैं परम सुंदरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म परम सुंदरी लगातार चर्चाओं में बनी है। फिल्म अपनी रिलीज को तैयार है। हालांकि, फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही परम सुंदरी की तुलना शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की चेन्नई एक्सप्रेस से की जा रही है।

फिल्म की कहानी और कॉन्सेप्ट भी चेन्नई एक्सप्रेस से मिलता-जुलता लग रहा है। अब इस तुलना पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पर खुशी जताई। हालांकि, इस दौरान एक्ट्रेस ने स्पष्ट किया कि दोनों फिल्में पूरी तरह से एक-दूसरे से अलग हैं। उन्होंने कहा, मुझे चेन्नई एक्सप्रेस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संदर्भ है। मैं इसे एक तारीफ के तौर पर लेती हूं। यह फिल्म 10 साल पहले रिलीज हुई थी। निश्चित रूप से ये दोनों फिल्में एक जैसी नहीं हैं। साथ ही जान्हवी ने लोगों से दक्षिण के किरदारों को लेकर एकमत न होने का भी आग्रह किया। दोनों फिल्मों को एक जैसा बताने पर जान्हवी ने कहा कि चेन्नई एक्सप्रेस एक हिट फिल्म है। लेकिन, दीपिका ने फिल्म में एक तमिलियन की भूमिका निभाई है। जबकि, मैं एक आधी तमिल, आधी मलयाली लड़की की भूमिका में हूं। अगर आप इसके बारे में सोचें, तो उन लोगों की ओर से एक सामान्यीकरण हो रहा है जो दोनों फिल्मों की तुलना कर रहे हैं। मैं फिल्म में केरल से हूं और दक्षिण के सभी लोगों को एक साथ नहीं रखा जा सकता है। यह पूरी तरह से एक अलग परिवेश है। 'परम सुंदरी' 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



## हॉलीवुड मसाला




# टेलर ने ट्रेविस से की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** अमरीकी पॉप गायिका, सिंगर, निर्माता और अभिनेत्री टेलर स्विफ्ट ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्स के साथ सगाई कर ली है। दोनों ने अपनी प्रपोजल की तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। एक तस्वीर में ट्रैविस एक घुटने पर बैठकर टेलर को प्रपोज करते दिखे। तो वही एक तस्वीर में टेलर की हीरे की अंगूठी ने सबका ध्यान खींचा। दोनों ने मजेदार कैप्शन में लिखा, 'आपके अंग्रेजी शिक्षक और जिम शिक्षक शादी कर रहे हैं।'




# केपॉप डीमन हंटर्स बनी ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज...

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ओटीटी के पॉपुलर प्लेटफॉर्म्स में से एक है, जिसमें हर दिन नई फिल्में और वेब सीरीज देखने को मिल जाती है। लेकिन, हाल ही में खबर आई है कि केपॉप डीमन हंटर्स ने डॉने जॉनसन, रयान रेनॉल्ड्स और गल गैडोत की रेड नोटिस को पछाड़ दिया है। नेटफ्लिक्स की कंपेनियन वेबसाइट टुडुम के मुताबिक, सोनी पिक्चर्स एनिमेशन द्वारा एनिमेटेड म्यूजिकल के पॉप डीमन हंटर्स को 236 मिलियन व्यूज अब तक मिल चुके हैं। नेटफ्लिक्स द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले हफ़्ते 25.4 मिलियन अतिरिक्त व्यूज के साथ, के-पॉप डीमन हंटर्स अंग्रेजी फिल्मों की लिस्ट में नंबर वन का खिताब हासिल कर चुकी है। फिलहाल, नेटफ्लिक्स पर सबसे ज़्यादा स्ट्रीम की जाने वाली पांच फिल्में के-पॉप डेमन हंटर्स, रेड नोटिस, कैरी-ऑन, डोंट लुक अप और द एडम प्रोजेक्ट हैं। के-पॉप डेमन हंटर्स के कुल 236 मिलियन व्यूज हैं। जबकि रेड नोटिस के 230.9 मिलियन व्यूज थे।



# मेरे लिए सबसे जरूरी मैं भारतीय हूं

**मुंबई।** सारा अली खान के पिता मुस्लिम हैं तो वहीं उनकी मां हिंदू। सारा की खास बात यह है कि वह दोनों धर्म की रिस्पेक्ट करती हैं और उन्हें फॉलो करती हैं। अब सारा ने दोनों धर्म को लेकर बात की और बताया कि उनके लिए सबसे ऊपर भारत है। सारा ने कहा वह ईद भी मनाती हैं, गणेश चतुर्थी भी और क्रिसमस भी। सारा ने कहा, 'मेरे लिए सबसे ऊपर है कि मैं इंडियन हूं। मेरी आध्यात्मिक मान्यताएं चाहे जो भी हों, उनके मूल में भारतीय होने की अहम भावना है। मेरे लिए भारतीय होना मतलब सब त्योहारों को सेलिब्रेट करना। हम ईद मनाते हैं, हम गणेश चतुर्थी मनाते हैं, हम क्रिसमस मनाते हैं और मुझे लगता है कि सहानुभूति उतनी प्रचलित नहीं है जितनी होनी चाहिए, लेकिन त्यौहार इसकी अनुमति देते हैं।' गणेश चतुर्थी को लेकर सारा ने कहा कि यह त्योहार उनके लिए काफी स्पेशल है।



# दिलवाले... ले जाएंगे गाने को किया रीक्रिएट

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अक्सर अपनी क्यूट केमिस्ट्री के लिए फेमस हैं। यह जोड़ी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी मजेदार वीडियोज शेयर करते हैं। दोनों की जोड़ी हर किसी को खूब पसंद आती हैं। अब बुधवार को सोनाक्षी ने सोशल मीडिया पर एक रोड ट्रिप का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सोनाक्षी और जहीर अपने दोस्तों के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में जहीर इकबाल गाड़ी चलाते दिख रहे हैं और सोनाक्षी के साथ मिलकर मशहूर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के गाने 'हो गया है तुझको तो प्यार सजना' पर मजेदार रील बनाते नजर आ रहे हैं, जो इस रोड ट्रिप के मूड को और भी रंगीन बना देता है। सोनाक्षी और जहीर की यह केमिस्ट्री फैंस को खूब भा रही है। वीडियो में उनकी मस्ती देखकर हर कोई मुस्कुरा रहा है।


## टीवी मसाला



# दाल पर मचा बवाल, गौरव से भिड़ गए घरवाले; बसीर ने भी दिखाया गुस्सा

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की शुरुआत को अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, लेकिन घर के अंदर बहस और झगड़े का माहौल तेजी से गरमाने लगा है। वजह है- घर में दाल पर हुआ विवाद, जिसमें गौरव खन्ना और जीशान कादरी आमने-सामने आ गए, वहीं बसीर अली ने भी आग में घी डालने का काम किया। घर के अंदर खाना हमेशा से झगड़ों की जड़ रहा है और इस बार भी वही नजारा देखने को मिल रहा है। हुआ यूं कि घरवालों का कहना है कि गौरव खन्ना ने तीन कटोरी दाल खा ली, जिस पर जीशान कादरी का पारा चढ़ गया। जीशान ने गुस्से में गौरव को जाहिल आदमी तक कह डाला। बसीर अली ने भी गौरव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने घरवालों के लिए कोई परवाह नहीं की और अपनी मनमानी की। गौरव ने खुद को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने दाल केवल एक बार ही ली थी, लेकिन जीशान और बसीर का आरोप था कि उन्होंने बार-बार सर्व किया। गौरव ने इस बहस से तंग आकर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा- 'अगर इतनी ही दिक्कत है तो मुझे नॉमिनेट कर दो।' उनके इस एटिट्यूड ने माहौल को और ज्यादा गरमा दिया। जैसे ही प्रोमो सोशल मीडिया और यूट्यूब पर आया, दर्शकों के कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कई फैंस ने गौरव खन्ना को स्मार्ट प्लेयर बताया। कुछ ने उनकी सीआईडी इंस्पेक्टर वाली पर्सनैलिटी और एटिट्यूड की जमकर तारीफ की। वहीं कुछ दर्शकों का मानना है कि यह विवाद गौरव की पोजीशन को और मजबूत करेगा।

## कोई खुशी से पागल भी हो सकता है : जयदीप



**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर आस्क मि सेशन के दौरान एक फैन से सवाल का जवाब दिया जिसमें जयदीप की एक्टिंग की उन्होंने तारीफ की। यूजर ने सचिन से पूछा- जयदीप ने आपकी तारीफ में बहुत बातें की हुई हैं, आपको इस पर कुछ कहना है? यूजर के इस सवाल पर सचिन ने कहा, 'वो एक बेहतरीन एक्टर हैं और मुझे उनका काम काफी पसंद हैं। 'पाताल लोक' में हाथीराम का किरदार शानदार था।' सचिन की तरफ से खुद की तारीफ सुनकर जयदीप की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने तुरंत सचिन के पोस्ट को शेयर करते हुए अपने जज्बात बयां किए। जयदीप ने अपने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरीज लगाईं। पहली स्टोरी में उन्होंने लिखा- 'सर ऐसे मत करो कोई खुशी से पागल भी हो सकता है। बहुत बहुत शुक्रिया सर। इस मोमेंट को मैं पूरी जिंदगी अपने साथ संजोकर रखूंगा।' वहीं एक दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा- कहीं मैं सपना तो नहीं देख रहा हूं। आपका बहुत बहुत धन्यवाद सर। जयदीप अहलावत की पहली भूमिका साल 2008 की शॉर्ट फिल्म नरमीन में थी।

# भगवान भी हमें अलग नहीं कर सकते : सुनीता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के तलाक की चर्चाओं के बीच बुधवार के दिन दोनों ने अपने घर में धूमधाम से गणपति स्थापना की। खास बात यह रही कि कपल ने एक साथ पपराजी के सामने पोज दिए और सुनीता ने यह दावा किया कि अगर भगवान भी आ जाएं तो भी उन्हें और गोविंदा अलग नहीं कर सकते।



हालांकि, कुछ समय पहले गोविंदा के वकील ललित बिंदल ने खुद इस बात की पुष्टि की थी कि सुनीता ने तलाक की अर्जी डाली थी। सुनीता आहूजा ने कहा, अगर कुछ हुआ होता, तो हम आज इतने करीब नहीं होते। हमारे बीच जरूर कोई दूरी होती। हमें कोई अलग नहीं कर सकता, ऊपर से खुद भगवान भी आ जाएं तो भी नहीं... मेरा गोविंदा सिर्फ मेरा है, किसी और का नहीं। जब तक हम खुद कुछ न कहें, कृपया कुछ भी मत कहिए। टीना आहूजा ने अपने माता-पिता के तलाक की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए साफ कहा था कि ये महज अफवाहें हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसी बातों को गंभीरता से नहीं लेतीं, क्योंकि उनके लिए ये गॉसिप से ज्यादा कुछ नहीं हैं। टीना ने यह भी कहा था कि वह खुद को खुशनसीब मानती हैं कि उन्हें इतना प्यारा परिवार मिला है।

# ये सेलेब्स हर वर्ष अपने घरों में करते हैं गणपति बप्पा का भक्तिभाव से स्वागत

**मुंबई।** बुधवार से गणेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस त्योहार को कई सितारे बहुत ही हर्ष के साथ हर वर्ष मनाते हैं। साथ ही वे गणपति बप्पा की मूर्ति भी अपने घर पर स्थापित करते हैं। इस कड़ी में सलमान खान, शिल्पा शेट्टी से लेकर माधुरी दीक्षित तक का नाम शामिल है।

**सोनाली बेंद्रे** : बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे हर वर्ष गणेश चतुर्थी बहुत ही धूमधाम से मनाती हैं और अपने घर में गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापित करती हैं। साथ ही एक्ट्रेस इस त्योहार की झलकियां अपने सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं।

**सलमान खान** : दिग्गज अभिनेता सलमान खान के परिवार में भी गणेश चतुर्थी बहुत ही भव्य तरीके से मनाई जाती है। इस त्योहार को मनाने की एक्टर के घर पर एक परंपरा हो गई, जहां उनकी बहन अर्पिता शर्मा हर साल बप्पा को घर ले आती हैं। साथ ही इस पर्व पर पूरा परिवार एक साथ इकट्ठा होता है और भक्ति भाव से सभी के मंगलकामनाओं की प्रार्थना करता है।



**अनन्या पांडे** : सिनेमाई दुनिया की युवा अभिनेत्री अनन्या पांडे भी भगवान श्री गणेश की परम भक्त हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर बप्पा को स्थापित करती हैं और उनकी सेवा करती हैं।

**शिल्पा शेट्टी** : शिल्पा शेट्टी पिछले कई वर्षों से अपने घर पर गणपति बप्पा का धूमधाम से स्वागत करती हैं और उनकी देखभाल करती हैं। इस त्योहार में उनका पूरा परिवार शामिल होता है। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस बार सोशल मीडिया पर बताया कि वो परिवार में किसी के निधन के कारण यह पर्व नहीं मना पाएंगी।

**माधुरी दीक्षित** : बॉलीवुड की धक-धक गर्ल नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अपनी परंपराओं की वजह से पहचानी जाती हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर हर साल भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित करती हैं, जिसकी तस्वीरें और वीडियोज अभिनेत्री अपने सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं।

## देशभर में मंदिरों से लेकर पंडालों तक गणेशोत्सव की धूम

# इन अभिनेताओं ने निभाई लोकप्रिय टीवी शो में भगवान गणेश की भूमिका

*मुंबई। बुधवार से पूरे देश में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। भक्त अपने घरों में बप्पा का स्वागत बड़े उत्साह के साथ करते हैं। मंदिरों से लेकर पंडालों तक, खासकर महाराष्ट्र में, यह त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। आइए, नजर डालते हैं उन अभिनेताओं पर जिन्होंने लोकप्रिय टीवी शो में भगवान गणेश की भूमिका निभाई है।*

### अद्वैत कुलकर्णी और अजिंक्य ठाकुर : जय देवा श्री गणेश

मराठी धारावाहिक 'जय देवा श्री गणेश' में अद्वैत कुलकर्णी ने बाल गणेश और अजिंक्य ठाकुर ने बड़े गणेश की भूमिका निभाई। यह शो 2020 में गणेशोत्सव के मौके पर शुरू हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह टीवी सीरियल महज 11 दिन में ऑफ एयर हो गया था। इसमें अजिंक्य ठाकुर, भाग्यश्री मोटे, पंकज विष्णु, अनुजा चौधरी, वेदांत रानाडे, अक्षय मिलिंद दांडेकर ने अहम भूमिका निभाई है।

### उजैर बसर 'विघ्नहर्ता गणेश'

बाल कलाकार उजैर बसर ने 'विघ्नहर्ता गणेश' में युवा गणेश की भूमिका निभाई है। यह टीवी शो 22 अगस्त 2017 को शुरू हुआ था और 12 नवंबर 2021 तक चला था। इस सीरियल में आकांक्षा पुरी, बसंत भट्ट, चिराग जानी, संजीव पांडे और विकास सलगोत्रा जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है। यह शो काफी प्रसिद्ध हुआ था।

### शनय भिसे जय मल्हार

*मराठी धारावाहिक 'जय मल्हार' 18 मई 2014 को शुरू हुआ था और 30 अप्रैल 2017 तक यह शो चला। इस शो में शनय भिसे ने गणेश की भूमिका निभाई। यह शो भगवान खंडोबा की कथा पर आधारित था। इस शो में सुरभि हंडे, ईशा केसकर, देवदत्त नागे, नकुल घनेकर, पूर्वा नीलिम सुभाष ने अहम भूमिका निभाई है।*




### स्वराज येवले और आदिश वैद्य - गणपति बप्पा मोरया

टीवी धारावाहिक 'गणपति बप्पा मोरया' में स्वराज येवले और आदिश वैद्य ने गणेश जी की भूमिका निभाई। यह शो 24 नवंबर 2015 से 13 अगस्त 2017 तक चला और 539 एपिसोड पूरे किए। यह शो माता पार्वती और उनके पुत्र गजानन के रिश्ते पर आधारित है। ये एक मराठी सीरियल है।

### साधिल कपूर, अल्पेश ढाकन, एहसान भाटिया देवो के देव...महादेव

*'देवो के देव...महादेव' एक लोकप्रिय शो रहा है। इसमें साधिल कपूर (2012), अल्पेश ढाकन (2013-2014), और एहसान भाटिया (2014) ने गणेश की भूमिका निभाई है। इस शो में मोहित रैना ने देवो के देव महादेव की भूमिका निभाई है। यह शो 18 दिसंबर 2011 को ये शुरू हुआ था और 14 दिसंबर 2014 को ये ऑफ एयर हुआ। 'देवो के देव...महादेव' में मौनी रॉय, सौरभ राज जैन, सोनारिका भदौरिया, पूजा बनर्जी, सुहासी गोराडिया धामी, अनुष्का सेन, रुशीराज पवार जैसे कई कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई।*

### जागेश मुकाती : श्री गणेश

दिवंगत अभिनेता जागेश मुकाती ने 1 अक्टूबर 2000 से 29 जून 2003 तक चले 'श्री गणेश' में गणेश जी का किरदार निभाया। टीवी सीरियल श्री गणेश भी काफी फेमस हुआ था। 1 अक्टूबर 2000 से शुरू होकर ये शो 29 जून 2003 को समाप्त हुआ। धीरज कुमार द्वारा निर्देशित ये शो भगवान गणेश की कहानी पर आधारित है। इस टीवी शो में अरुण पाल, सुनील नागर, गायत्री जयारमन, प्रियंका पुथरन ने भी अहम भूमिका निभाई है।

### आकाश नायर : गणेश लीला

आकाश नायर ने 2009-2010 में 'गणेश लीला' में भगवान गणेश की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भगवान गणेश पर कई सीरियल बने, उन्हीं में से एक है 'गणेश लीला'। 2009 में शुरू हुआ ये शो प्रसिद्ध सीरियल्स में से एक है। इसमें भगवान गणेश का किरदार आकाश नायर ने निभाया है। आकाश इस रोल से काफी प्रसिद्ध हुए।

## खबर संक्षेप

### 29 लाख की लागत से बनने वाले महतारी सदन के लिए किया स्थल चयन



**मालखरौदा।** जिले के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में नव पदस्थ कार्यपालन अभियंता विनोद कुमार सेन जनपद पंचायत मालखरौदा पहुंचे, जहां उन्होंने आने वाले समय में लगभग 29 लाख की लागत से बनने वाले महतारी के लिए स्थल चयन किया। जनपद पंचायत परिसर के अंदर पर्याप्त लंबाई चौड़ाई में जगह मिलने पर उन्होंने इस पर सहमति दी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कवि वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष रंजीत अजगल्ले, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसडीओ सुमित कुमार राजपूत सक्ती, ज्ञानीक जांगड़े एसडीओ मालखरौदा उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव आज से

**सक्ती।** जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 अगस्त को हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जाती है। साथ ही वर्ष 2019 से माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा 29 अगस्त को ही फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ भी किया गया था। इसी कड़ी में सक्ती जिले में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शुरू होने वाले इन आयोजनों में स्थानीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ, फिटनेस टॉक, वाद-विवाद एवं साइकिल रैली जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में 29 अगस्त को सामुदायिक भवन सक्ती में सुबह की असेंबली में मेजर ध्यानचंद को श्रध्दांजली, फिट इंडिया शपथ और 60 मिनट के स्थानीय स्तर पर प्रचलित आउटडोर खेल एवं मनोरंजन गतिविधियां, सांसद खेल महोत्सव - इस अवसर पर माननीय सांसदगणों से संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के मुख्यालय में संसद खेल महोत्सव, 30 अगस्त को नंदेली भांठा मैदान और खेलो इंडिया लघु केंद्र रगजा में खेल से संबंधित विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, फिटनेस टॉक एवं स्थानीय स्तर पर प्रचलित इनडोर गेम्स का आयोजन 31 अगस्त को बाजार चौक सक्ती में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य सायकल रैली निकाली जाएगी। यह रैली बाजार चौक सक्ती से प्रारंभ होकर सेजेस सक्ती तक निकाली जाएगी। उक्त आयोजन में सभी आयु वर्ग के विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र, छात्राऐं, जिला खेल संघ संस्था के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी भाग ले सकते है। कार्यक्रम को सफल बनाने निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की गई है।

### ओम शांति भवन खरौद में रक्तदान शिविर आज

**खरौद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खरौद ओम शांति भवन जरहा पारा लक्ष्मणेश्वर मंदिर के पास में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार 29 अगस्त को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे किया जाएगा। हरेक रक्तदाता को निःशुल्क हेलमेट व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। शिविर में 18 से 60 वर्ष के लोग दूसरे को नया जीवनदान देने रक्तदान कर सकते है। रक्तदान करने से हमारा शरीर स्वस्थ बना रहता हैं। रक्तदान से कैंसर होने की संभावनाए कम हो जाती हैं। रक्तदान से हार्ट अटैक की संभावनाएं कम हो जाती हैं। रक्तदान से कोलेस्ट्रॉल, आयरन की मात्रा व वजन कंट्रोल में रहती हैं। रक्तदान से रोग-प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती हैं। ब्रह्माकुमारी मंजु बहन ने रक्तदान करने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए परमेश्वरी स्कूल से दानेश का चयन



**सक्ती।** परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती के प्रतिभागियों का 25 वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-25 में तीरंदाजी प्रतियोगिता, 14 वर्ष आयु बालक वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसमें 14 वर्ष आयु बालक वर्ग तीरंदाजी प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए दानेश बरेठ का चयन राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। विगत दिनों बिलासपुर में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें परमेश्वरी पब्लिक स्कूल के छात्रओं ने भाग लिया एवं अपने अच्छा खेल का प्रदर्शन कर 28 अगस्त से 31 अगस्त तक कोंडागांव में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दानेश बरेठ ने अपना स्थान बनाने कामयाब रहे। विद्यालय से दानेश बरेठ का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन से पूरे विद्यालय में हर्ष एवं गर्व का माहौल बना हुआ हैं। विद्यालय समिति अध्यक्ष संतोष कुमार देवांगन एवं सचिव कृष्ण कुमार देवांगन ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं विद्यालय परिवार के द्वारा सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। तीरंदाजी के सभी खिलाड़ी को क्रीड़ा शिक्षक करन यादव अपने मार्गदर्शन में निरंतर विद्यालय प्रांगण अभ्यास करा रहे हैं।

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में होगा टूर्नामेंट

# जिले में शतरंज को मिल रही नई पहचान, उभर रही खेल प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में शतरंज की प्रतिभाएं निरंतर अपनी पहचान बना रही हैं। राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह साबित कर दिया है कि जांजगीर-चांपा शतरंज के क्षेत्र में भी अपनी विशेष पहचान बना सकता है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती 29 अगस्त पर उन्हें याद करते हुए इस उपलक्ष्य में 31 अगस्त को जिला स्तरीय इंटर स्कूल अंडर-19 शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला शतरंज संघ के संयुक्त तत्वाधान में हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चांपा में होगी, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के अंडर-19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राएँ हिस्सा लेंगे।

जिला शतरंज संघ, जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार राठौर, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार यादव, सचिव गिरधर गोपाल कश्यप एवं सदस्य श्रीमती जयंती यादव, लोकेश यादव, संतराम यादव सहित संघ के सदस्यों के नेतृत्व में लगातार शतरंज की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी का परिणाम है कि आज जिले में पांच इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ी हैं, जिनमें से दो खिलाड़ी प्रथम राठौर और प्रखर पटेल की इंटरनेशनल रेटिंग की दिशा में तेजी से अग्रसर हैं। इन खिलाड़ियों में सबसे खास नाम है वेदांश यादव, जो जिले के सबसे कम उम्र के इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ी हैं। वेदांश ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से न केवल जिले बल्कि राज्य का नाम भी रोशन किया है। राष्ट्रीय खेल दिवस (हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जयंती) के अवसर पर जिला शतरंज संघ द्वारा नियमित रूप से टूर्नामेंट और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों से जिले के बच्चों और युवाओं में शतरंज के प्रति गहरी रुचि और उत्साह देखने को मिल रहा है। आज स्थिति यह है कि गांव-गांव और स्कूल-स्कूल तक शतरंज की पहुंच बन रही है। छोटे-छोटे बच्चे भी शतरंज की बारीकियां सीखकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।



उपस्थित खिलाड़ी।

यह निरंतरता और खिलाड़ियों का जज़्बा आने वाले समय में निश्चित ही जिले को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा।जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार राठौर ने बताया कि "हमारा उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार होंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे। संघ के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार यादव ने कहा कि "जिले में वर्तमान में पाँच इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ी सक्रिय हैं और दो खिलाड़ी इंटरनेशनल स्तर तक पहुँचने की ओर अग्रसर हैं। यह जिले के लिए गर्व की बात है। संघ की सदस्य श्रीमती जयंती यादव ने कहा कि "राष्ट्रीय खेल दिवस पर होने वाले इस आयोजन से बच्चों और युवाओं में शतरंज के प्रति उत्साह और भी बढ़ेगा। छोटे-छोटे बच्चे भी अब शतरंज की बारीकियां सीख रहे हैं और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।" जिले के सबसे कम उम्र के इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ी वेदांश यादव ने कहा कि "शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि यह हमें मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। इसमें हर चाल सोच-समझकर चलनी होती है, जिससे धैर्य और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। जिले में लगातार उभरती प्रतिभाओं में प्रथम राठौर, लोकेश साहू, विवेक सोनी, आमंदी, चैतन्य, अनाया, अभिनीत, अन्वेशा, रिमझिम, अनुषा, सक्षम, आदर्श, हधान, समृद्धि सेजल, थनीषा, डेनियल, शिवांग, देवांश, काव्यांश, प्रद्युमन, गार्गी, अनिका, क्रिस्टी, अक्षिता, विराज आदि बच्चे लगातार शतरंज खेल की दिशा में अग्रसर है।

# मल्लखम्ब के जरिए बदली ग्रामीण बच्चों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



समीपस्थ गांव कुटराबोड़ के कोच पुष्कर दिनकर ने भारत के प्राचीन खेल विधा मल्लखम्ब के जरिए ग्रामीण बच्चों की जिंदगी में एक बड़ा परिवर्तन लाया है। गृहग्राम कुटराबोड़ में विगत आठ वर्षो से भारत की प्राचीन खेल विधा मल्लखम्ब का प्रशिक्षण जिला मल्लखम्ब एसोसिएशन के संस्थापक व हेड कोच पुष्कर दिनकर अपने निजी खेल संसाधनों के साथ बच्चों को तराशने का काम कर रहें है।

आठ वर्षों की अवधि में जिला मल्लखम्ब एसोसियेशन के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर 56 और राज्य स्तर पर 148 मेडल अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया है। कोच पुष्कर दिनकर के प्रयास और उपलब्धियों को देखते हुए खिलाड़ियों के उन्नत खेल प्रशिक्षण हेतु ग्राम कुटराबोड़ के मल्लखम्ब अखाड़ा परिसर में ही, जिला प्रशासन द्वारा 56 लाख की लागत से इंडोर मल्लखम्ब ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण किया गया है। कोच श्री दिनकर बताते है इन वर्षो में व्यक्तिगत रूप से आठ लाख की राशि इन बच्चों के खेल प्रशिक्षण और खेल यात्रा में लगा चुके हैं।

- **78 बच्चे ले रहे है प्रशिक्षण, आठ सालों में 56 राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर 148 मेडल किए प्राप्त**

इनकी लगन, जिद्द इस हद तक है कि वे अपने खुद के परिवार और बच्चे को समय नहीं दे पाते। अब प्रशासन का सहयोग जैसा प्राप्त हुआ है उससे उनके प्रति परिवार की सोच व सम्मान बढ़ा है। वे खिलाड़ियों को मल्लखम्ब अखाड़ा में ही इंग्लिश स्पोकन की निःशुल्क क्लास दिलवा चुके है। उनका कहना है की आगे चलकर इन बच्चों को कामनवेल्थ, एशियाड और इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में भाग लेना है, इसीलिए इन खिलाड़ियों को इंग्लिश स्पोकन की क्लास दी जा रही है। पिछले वर्ष मुख्यमंत्री निवास में राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार से कु डिम्पी सिंह, शिक्षा दिनकर, आयुष सिंह सिदार और अखिलेश कुमार दिनकर को सम्मानित किया जा चूका है,

## पुराने कार्य को दर्शाकर बिना मूल्यांकन के निकाल लिए मूलभूत की राशि

**डभरा।** ग्राम पंचायत में पूर्व में कराए गए कार्य को दर्शाकर सरपंच एवं सचिव ने बिना मूल्यांकन एवं बिना तकनीकी स्वीकृति के निकाल लिए जाने का मामला सामने आया है। गौरतलब हो कि जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाकुरपाली में 2025-26 में मूलभूत मद से 49800 रुपए माह अप्रैल 2025 में प्राप्त हुआ था उक्त राशि को ग्राम पंचायत के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के कार्यों के तहत मतदान केंद्रों में टेंट व्यवस्था एवं ग्राम पंचायत भवन का पोताई का कार्य कराया गया है दर्शाकर सरपंच सचिव द्वारा 48800 का गांव के ही एक व्यक्ति के नाम पर चेक काटकर निकाल लिया है जबकि उक्त कार्य पूर्व में किया गया था जिसका शिकायत किया गया था जिस पर जांच टीम गठित किया गया था और जांच किया गया था। सूचना के अधिकार के तहत मांगे गए जांच रिपोर्ट पर पता चला कि जांच टीम द्वारा अपने निष्कर्ष में कहा है कि सरपंच सचिव द्वारा पूर्व में किये गए कार्य को दर्शाकर मूलभूत की राशि बिना तकनीकी, प्राकलन एवं मूल्यांकन के आहरण किया गया है जो कि अनुचित है। इस तरह से सरपंच व सचिव के द्वारा नियमों को ताक में रखकर अवैध रूप से राशि को निकाल लिया गया है। अब देखना है कि जांच टीम द्वारा दिये गए निष्कर्ष पर विभाग के द्वारा क्या कार्यवाही किया जाता है। इस सम्बन्ध में जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी.के. आदिले ने कहा कि जांच हुई है और जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत भेज दिया गया है।

## ऑनलाइन कार्यों के दौरान बरतें सावधानी : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

लायंस डी.ए.वी पब्लिक स्कूल अकलतरा में साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन एएसपी उमेश कश्यप के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएसपी उमेश कश्यप ने फ़िशिंग,

- **लायंस डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन**

ऑनलाइन वित्तीय घोटाले, पहचान की चोरी और सोशल मीडिया के दुरुपयोग जैसे साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे धोखेबाज फर्जी कॉल, संदेशों और लिंक के माध्यम से लोगों को फंसाते हैं, और ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध आज एक गंभीर खतरा है जिसमें धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, हैकर्स और साइबर बदमाशी जैसे विभिन्न अपराध शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन कार्यों के दौरान मज़बूत पासवर्ड का उपयोग पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए, दो-कारक प्रमाणीकरण सक्षम करना, संदिग्ध लिंक से बचना और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या आधिकारिक साइबर अपराध पोर्टल पर तुरंत घटनाओं की सूचना देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए, महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा प्रथाओं का पालन करना महत्वपूर्ण है जो हमें और हमारे परिवारों को आसन्न खतरों से बचाने में मदद कर सकता है जो हमारे डेटा और उपकरणों को नुकसान पहुँचा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक सतर्क और ज़िम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ,विद्यालय के चेयरमैन राजेन्द्र शर्मा, शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों उपस्थित रहे।


कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते एडिशनल एसपी उमेश कश्यप।

## 22 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** 22 साल से फरार चल रहे वारंटी को पकड़ने में शिवरीनारायण पुलिस को सफलता मिली है। माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में लंबित अपराधिक प्रकरण का वारंटी महेंद्र उर्फ विजय कुमार लंबे समय से फरार चल रहा था। उच्च न्यायालय द्वारा जारी



वारंट पर दिन प्रतिदिन संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय पांडे के लगातार थाना प्रभारी को निर्देशित किया जा रहा था। निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण के नेतृत्व में आरोपी महेंद्र उर्फ विजय कुमार पिता संतराम पटेल निवासी सहसपाली थाना सारंगढ़, वर्तमान पता मुर्राभाठा गांधीनगर रायपुर को पुलिस ने उसके सकुनत से गिरफ्तार किया। आरोपी महेंद्र पर धारा 307, 353, 332, 341, 324, 333, 34 भादवि तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज था। उसके सहयोगी को पूर्व में आरक्षक राम प्रसाद बघेल के द्वारा एक साथ पकड़ा गया था जिसके पर उन्होंने चाकू तथा दाँत से काटकर हमला किया था।

## बाइक लूटपाट मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

बाइक लूटपाट मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से बाइक बरामद किया गया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र के मसनियाकला की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गढ़गोढ़ी निवासी अमित कुमार सिदार ने 26 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोटरसायकल हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 11 ए.एन 6028 से ग्राम मसानिया कला राशन सामान खरीदने गया था। वह राशन खरीद कर वापस अपने गांव आ रहा था। वह जैसे ही मसानिया हाईवे चैक के पास पहुंचा उसी समय वहां पर खड़े अरमान खान और उसके एक दोस्त ने उससे लिफ्ट मांगा। तब उसने अपनी मोटरसायल में दोनों को पीछे बैठाकर जा रहा था। मसानिया कला और पालगाड़ा के बीच सुनसान जगह पर दोनों ने बाइक रोकने



की बात कही। बाइक को रोकते ही अरमान खान ने उससे मारपीट करने लगा। जिससे वह जमीन पर गिर गया तथा मोटरसाइकिल को लेने के लिए उठा तो मोटरसाइकिल के हैंडल पकड़ लिये और जबरदस्ती लूटकर भाग गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिश यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी मनीष कुंवर के मार्गदर्शन में फरार आरोपी अरमान खान एवं उसके साथी का पता तलाश किया जा रहा था। इसी दौरान गुरूवार 28 अगस्त को आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी के साथ मिलकर अपराध घटित करना स्वीकार करते हुये उपरोक्त लूट गये बाइक को शराब भट्टी सक्ती में तालाब के पास छुपाकर रखना बताया, उसके बताये अनुसार उपरोक्त बाइक को बरामद किया गया है। प्रकरण में आरोपी अरमान खान पिता सलीम खान उम्र 22 वर्ष वार्ड नंबर 4 बाजारपारा सक्ती कृत्य धारा सदर का घटित करना पाये जाने से गिरफतार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है तथा उसके एक अन्य फरार साथी की शीघ्र पता तलाश कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक लखन लाल पटेल के नेतृत्व में सउनि सुरेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक संजीव शर्मा, विनोद कंवर, आरक्षक यादराम चंद्रा का योगदान रहा।

## आधा दर्जन उपाध्यक्ष व दो महामंत्री के साथ बनी अंबेश की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पाटी जिला जांजगीर-चांपा के कार्यकारिणी गठित की गई। इसमें दो महामंत्री के साथ आधा दर्जन उपाध्यक्ष बनाए गए है। खास बात यह है कि टीम में नए लोगों को स्थान दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव व प्रदेश महमंत्री संगठन पवन साय की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े द्वारा भाजपा जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए सूची जारी की गई है। जिला

**खास बात**

- **भाजपा जिला कार्यकारिणी घोषित, 17 लोग हुए शामिल**




कार्यकारिणी में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी राजवाड़े और अकलतरा के नंद चौधरी को महामंत्री बनाया गया है। वहीं आधा दर्जन लोगों को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई हे। इनमें पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, युवा भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, समीर शुक्ला, रजनी साहू, धनंजय सिहं और लक्ष्मीचंद देवांगन का शामिल है। इसी तरह श्रीमती नुरेश्वरी श्रीवास, श्रीमती संतोषी दुबे, रमेश मोदी, दुर्गा रजक, हदय यादव, श्रीमती शिव अगत बिंझवार को मंत्री बनाया गया है। वहीं पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए है। राम खूबवानी सहकोषाध्यक्ष एवं प्रदीप सराफ को कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

आइब्रो, मूंछ दाढ़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों निराकरण करने दिए निर्देश

# सभी विभागों ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बचे पौधरोपण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागों को ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के ई-कोर्ट न्यायालयो में प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, एग्रीस्टेक के माध्यम किसान पंजीयन समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए एवं फार्मर आईडी निर्माण की स्थिति, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत सड़क निर्माण हेतु भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति की विभागवार जानकारी ली तथा तेजी से लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विनय कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

